दिन–सोमवार दिनांक– 29 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से सेवा क्षेत्र को मजबूती देकर वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया।

———————————————————————

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी, ग्रामीण– जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में सत्रह हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम दो हजार पांच का स्थान लिया है। भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अधिनियम से राज्यों को समग्र धन वितरण में सुधार होगा। इस अधिनियम का उद्देश्य सभी स्तरों पर रोजगार सृजन, पारदर्शिता, नियोजन और जवाबदेही को सुदृढ़ करते हुए संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना है। संसद के शीतकालीन सत्र में पारित इस विधेयक को राष्ट्रपति की भी मंजूरी मिल चुकी है। अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है।

———————————————————————

पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है। आसनसोल रेल मंडल के जनसम्पर्क पदाधिकारी बिपला बौउरी ने बताया कि आज इस मार्ग पर रेल परिचालन सामान्य होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि आज झाझा–देवघर मेमू, झाझा–पटना मेमू और देहरादून–हावड़ा कुम्भ एक्सप्रेस समेत अट्ठाईस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, धनबाद–पटना इंटरसिटी, हावड़ा–नई दिल्ली दुरंतो, पटना– हावड़ा एक्सप्रेस और हावड़ा–नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस समेत चौरासी ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। वहीं, पांच ट्रेनों का आंशिक समापन किया गया है जबकि चार ट्रेनें

अपने निर्धारित स्टेशन से नहीं खुलकर किसी अन्य स्टेशन से खुलेंगी। गौरतलब है कि कल लाहबन और सीतारामपुर स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से दिल्ली–हावड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

———————————————————————

पहाड़ों में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। वहीं, उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इकतीस दिसम्बर तक प्रदेश के अधिकतर भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही विभिन्न भागों में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया का फारबिसगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

अररिया समाहरणालय में आज भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न भू–अर्जन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। प्रधान सचिव श्री अनिल ने भू–अर्जन से संबंधित सभी पुराने और लंबित भुगतान यथाशीघ्र करने के अधिकारियों के निर्देश दिये हैं। साथ ही सरकारी भूमि के दाखिल–खारिज को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

———————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण के मामले में परिजनों ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर अपहृत की सकुशल बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

सुपौल जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से तीन सौ चौबीस लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अरवल की जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने कलेर प्रखंड के मधुश्रवां क्षेत्र में पयर्टन विकास की संभावनाओं के आकलन के लिए स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस इलाके में उपलब्ध भौतिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों का अवलोकन किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।